web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 07 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 311

बांग्लादेश में हालात बेकाबू

# शेरपुर जेल पर हमला कर 500 कैदी छुड़ाए; होटल में 8 को जिंदा जलाया

**ढाका**

शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी बांग्लादेश में हिंसा रुक नहीं रही है। अब उपद्रवी अल्पसंख्यक हिंदुओं, शेख हसीना और उनकी पार्टी आवामी लीग के समर्थकों और उनके प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। जेसोर में एक होटल में उपद्रवियों ने आग लगा दी, जिसमें आठ लोगों की जलकर मौत हो गई और 84 अन्य घायल हो गए।

जिस होटल में आगजनी हुई वह आवामी लीग के नेता शाहीन चकलादार का है। चकलादार जेसोर जिले के आवामी लीग महासचिव हैं। डिप्टी कमिश्नर अबरारुल इस्लाम ने आगजनी की खबर की पुष्टि की। मृतकों में से दो की पहचान 20 वर्षीय चयन और 19 वर्षीय सेजन हुसैन के रूप में हुई है। जशोर जनरल अस्पताल के एक कर्मचारी हारुन-या-रशीद ने बताया कि कम से कम 84 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से अधिकांश छात्र हैं।

बांग्लादेश के शेरपुर जिला जेल में उपद्रवियों ने धावा बोल दिया और करीब 500 कैदियों को जेल से भगाने में मदद की। कर्फ्यू के बीच लाठी-डंडों और हथियारों से लैस स्थानीय भीड़ ने जुलूस निकाला। इस दौरान भीड़ ने शहर के दमदमा-कालीगंज इलाके में स्थित डिस्ट्रिक्ट जेल पर धावा बोल दिया। उपद्रवियों ने जेल का गेट तोड़ दिया और आग लगा दी।

उपद्रवियों ने अवामी लीग के सांसद काजी नबील के आवास पर भी तोडफ़ोड़ की और आग लगा दी। बांग्लादेश के क्रिकेटर लिटन दास और पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा के



घरों को भी आग के हवाले कर दिया गया। बता दें कि मुर्तजा आवामी लीग के नेता हैं। उन्होंने जनवरी में हुए आम चुनावों में शेख हसीना की पार्टी से चुनाव लड़ा था और संसद सदस्य बने थे। लिटन दास बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर और ओपनर हैं। वह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आते हैं।

पुलिस ने 4 अगस्त को पीएम शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे हजारों लोगों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। इस बल प्रयोग में कम से कम 98 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए। 4 अगस्त की यह हिंसा बांग्लादेश में सिविल अनरेस्ट के हालिया इतिहास में सबसे घातक दिनों में से एक है। इससे पहले गत 19 जुलाई को 67 लोगों की मौत हो गई थी, जब छात्रों ने सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

## बांग्लादेश में उग्र आंदोलन से भारत में बढ़ी घुसपैठ की आशंका, उड़ानें रद्द, सीमा पर हाई अलर्ट

एयर इंडिया ने बांग्लादेश में बढ़ती अशांति के बीच ढाका से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। बांग्लादेश की नेता शेख हसीना के देश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने व गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर उतरने के बाद एयर इंडिया ने यह घोषणा की। एयर इंडिया ने एक्स पर पोस्ट किया, बांग्लादेश की स्थिति को देखते हुए, हमने ढाका से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। देश की प्रमुख एयरलाइन ने कहा, हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ढाका से आने-जाने के लिए कन्फर्म बुकिंग वाले अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्हें यात्रा के पुनर्निर्धारण और टिकटों के रद्दीकरण शुल्क पर छूट दी गई है। इससे पहले दिन में, भारतीय रेलवे ने भी बांग्लादेश के लिए ट्रेन संचालन को रोक दिया था। बढ़ती अशांति के बीच, बांग्लादेश की राजधानी के पॉश इलाके धानमंडी में बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के घर में आग लगा दी गई।

बांग्लादेश में हिंसक रूप ले चुके आंदोलन के कारण बांग्लादेश के लोगों के भारतीय सीमा में प्रवेश करने की आशंका जताई जा रही है। बांग्लादेश के लोग भारत में किसी भी सूरत में प्रवेश नहीं करें इसको लेकर सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की परेशानी इस आंदोलन में काफी बढ़ी हुई है।

## इस्तीफा देने के बाद देश छोडक़र भागी शेख हसीना, पीएम आवास में घूसे लोग

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और देश में अब एक अंतरिम सरकार का गठन होगा। देश के सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने ये घोषणा की। देश के नाम एक टेलीविजन संबोधन में, बांग्लादेश सेना प्रमुख ने नागरिकों से सेना पर भरोसा बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि रक्षा बल आने वाले दिनों में शांति सुनिश्चित करेंगे। इससे पहले, कई रिपोर्टों से संकेत मिले कि सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के ढाका में प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास में घुसने के बाद हसीना सुरक्षित स्थान के लिए रवाना हो गईं। जानकारी के अनुसार शेख हसीना ने किसी दूसरे देश रवाना हो गई है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में 100 से अधिक लोगों की मौत और 1000 से अधिक घायल होने के बाद ये घटनाक्रम आया है। बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक 'द डेली स्टार' ने बताया, सरकार विरोधी प्रदर्शनों में अब तक मरने वालों की कुल संख्या केवल तीन हफ्ते में 300 को पार कर गई, जो बांग्लादेश के नागरिक आंदोलन के इतिहास में सबसे खूनी दौर है। छात्र आंदोलन ने पिछले कई हफ्तों में प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार पर भारी दबाव डाला है। छात्र स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन पर बैग में शव लेकर घूम रहा था शख्स, आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के दादर रेलवे स्टेशन पर एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से एक बैग से शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान दादर रेलवे स्टेशन पर गश्त पर निकले थे। तभी आरपीएफ जवानों की नजर एक ट्रैवल बैग पर पड़ी जिसे एक व्यक्ति लेकर जा रहा था। शख्स की हरकतें संदिग्ध होने पर आरपीएफ के जवानों ने उसे रोका और बैग की तलाशी ली। ट्रैवल बैग को खोलते ही आरपीएफ के जवानों के होश उड़ गए। बैग में खून से लथपथ हालत में एक शव मिला। रेलवे सुरक्षा बल ने जांच की तो पता चला कि यह शव अरशद अली नाम के शख्स का है। पुलिस के मुताबिक, ट्रैवल बैग ले जा रहे शख्स का नाम जय चावड़ा है। इस मामले में चावड़ा के दोस्त शिवजीत सिंह का नाम भी सामने आया है। शिवजीत सिंह पर आरोप है कि उसने अपने दोस्त जय की अरशद अली नाम के शख्स की हत्या करने में मदद की। पुलिस ने आरोपी शिवजीत को उल्हासनगर से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा जय चावड़ा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार जब्त कर लिया है। पुलिस की मानें तो हत्या की घटना मुंबई के पायधुनी इलाके में हुई। रेलवे सुरक्षा बल ने इस मामले को पायधुनी पुलिस को सौंप दिया है। फिलहाल हत्या के सही कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

### हिमाचल में प्रकृति का कहर जारी, लाहौल-स्पीति बादल फटने से मची तबाही

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश में प्रकृति का कहर जारी है। लाहौल-स्पीति में एक बार फिर बादल फटने की घटना सामने आई है। भारी बारिश से डांग और शिचिलिंग गांव में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बादल फटने से लोगों के सामने कई सारी समस्या खड़ी हो गई हैं। रोजमर्रा की चीजों के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। बादल फटने की वजह से कई सारी सडक़ें बाधित हो गई हैं। राहगीर घंटों जाम में फंसे हुए नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, लौह-स्पीति में एनएच-505 पर माने डांग और शिचिलिंग की पहाडिय़ों में बादल फट गया। इसकी वजह से यहां बहने वाले नालों में पानी का बहाव तेज हो गया और अचानक बाढ़ आई। मौसम के ऐसे रौद्र रूप से नदी-नाले उफान पर हैं। घर, खेत और दुकान सभी जगह पानी का सैलाब है। स्पीति के सगनम गांव में जगह-जगह चट्टानें बिखरी हुई नजर आ रही हैं। आसपास का पूरा इलाका मलबे से ढका हुआ दिखाई दे रहा है। लाहौल स्पीति पर कुदरत की मार से स्थानीय लोग बेहद चिंतित हैं। उन्हें अपने सुरक्षा की चिंता सता रही है। मौसम विभाग ने अगले सप्ताह तक भारी बारिश की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से तीन कांवड़ियों की मौत

**मथुरा** । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में सोमवार को ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से तीन कांवडिय़ों की मौत हो गई।कावंड़िए बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ईंट-भट्टा के सामने सडक़ पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। मौके पर ही बाइक सवार तीन कांवडिय़ों की मौत हो गई।



घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक के परिवार वालों को घटना की सूचना दी।

दरअसल यह हादसा मथुरा के सुरीर थाना क्षेत्र के नागला परसोती में हुआ है। तीनों कावंड़िए सुरीर थाना क्षेत्र के बीजऊ गांव के निवासी थे। उनकी पहचान 18 वर्षीय मानव, 21 वर्षीय वेद प्रकाश और 20 वर्षीय नरेश के रूप में हुई। वेद प्रकाश डिप्लोमा इंजीनियर था और वर्तमान में गुडग़ांव की एक कंपनी में नौकरी कर रहा था। वहीं मानव पलवल में नौकरी करता था।

रविवार को तीन कांवडिय़ां बुलंदशहर के राजघाट से कांवड़ लेकर सोमवार की सुबह वृंदावन के गोपेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। तीनों ने भगवान गोपेश्वर महादेव का गंगाजल से अभिषेक किया। इसके बाद वापस अपने गांव लौटने के दौरान वे हादसे के शिकार हो गए।

## वायनाड भूस्खलन : मृतकों की संख्या 402 पहुंची, लापता लोगों की तलाश जारी

**वायनाड** । आरएनएस



केरल के वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित चार गांवों में बचाव अभियान मंगलवार को आठवें दिन भी जारी है। यहां मरने वालों की संख्या 402 पहुंच गई है और करीब 170 लोग अभी भी लापता हैं।एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवाओं और स्वयंसेवकों ने मंगलवार सुबह चार सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों चूरलमाला, वेलारीमाला, मुंडकायिल और पुंचिरिमदोम में तलाशी शुरू कर दी। विशेष टीमें चलियार नदी में तलाश कर रही हैं, जहां से पिछले कुछ दिनों में कई शव और शरीर के क्षत-विक्षत अंग बरामद किए गए हैं। सभी शवों के डीएनए परीक्षण किए जा रहे हैं। इससे पहले तलाशी अभियान के सातवें दिन छह शव बरामद किए गए।

जानकारी के अनुसार, वायनाड के आपदा प्रभावित छह क्षेत्रों में तलाशी अभियान के लिए 1,100 से अधिक जवान जुटे हुए हैं। तलाशी अभियान में करीब 84 हिताची और पांच जेसीबी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा 112 टीमों में शामिल 913 स्वयंसेवक और स्थानीय निवासी भी अभियान में 24 घंटे लगे हुए हैं।

110 लोगों की टीम ने नौ हिताची का इस्तेमाल कर प्रभावित क्षेत्र से दो शव बरामद किए। इसके अलावा वन विभाग और अग्निशमन बल की 101 सदस्यों वाली टीम ने जंगल में तलाशी अभियान के दौरान तीन शव बरामद किए।

इस बीच हैरिसंस मलयालम लिमिटेड प्लांटेशन श्मशान घाट पर 30 अज्ञात शवों और 154 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार किए गए लोगों में 14 महिलाएं और 13 पुरुष शामिल हैं।

केरल के राजस्व मंत्री ने मंगलवार को कहा कि स्थानीय स्वशासन (एलएसजी) विभाग को अब सरकार से संबंधित इमारतों की सूची देने के अलावा वर्तमान में बंद घरों की पहचान करने और इलाके में रिसॉर्ट्स की संख्या के बारे में भी जानकारी देने को कहा गया है।

बचाव अभियान आठवें दिन में प्रवेश कर गया है, यह तब तक जारी रहेगा जब तक सेना अंतिम निर्णय नहीं ले लेती।

इस बीच, मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में मदद की बाढ़ आ गई है और निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकार के सभी कर्मचारी अपने पांच दिन का वेतन इसमें देंगे।

## झारखंड के स्टील प्लांट में जोरदार विस्फोट, दूर तक हवा में उछल गए मजदूर, 7 बुरी तरह झुलसे

**रांची** । आरएनएस

झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही में पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय प्लांट में ब्लास्ट से 7 मजदूर बुरी तरह झुलस गए हैं। इनमें से कुछ की मौत की आशंका जताई जा रही है, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। गंभीर रूप से जख्मी चार मजदूरों को इलाज के लिए हजारीबाग स्थित आरोग्यम हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

बताया गया कि प्लांट की चिमनी में दोपहर 12 बजे के आसपास धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था



कि वहां काम कर रहे मजदूर हवा में दूर तक उछल गए। घायलों में जिन चार को इलाज के लिए हजारीबाग लाया गया है, वे 80 से 90 फीसदी झुलस गए हैं। इलाज कर रहे डॉक्टर उनकी हालत बेहद गंभीर बता रहे हैं।

घायल हुए तीन अन्य मजदूर कहां हैं, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है। बरही में झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) की ओर से इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। यहां कई उद्योग लगने शुरू हुए हैं। जिस पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय कंपनी के प्लांट में विस्फोट हुआ है, वह करीब दो साल पहले यहां स्थापित हुआ है।

ब्लास्ट की वजह से फैक्ट्री को भी काफी नुकसान पहुंचा है। ब्लास्ट कैसे हुआ, इसके बारे में फिलहाल प्लांट की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। घटना की सूचना पाकर पुलिस-प्रशासन के अफसर भी मौके पर पहुंचे हैं। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और बरही के कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला भी मौके पर मौके पर पहुंचे हैं।

## लुधियाना में स्कूल बस पेड़ से टकराई, हादसे में एक बच्चे की मौत; 5 छात्र घायल

**लुधियाना** । आरएनएस

पंजाब के लुधियाना के अंतर्गत जगराओं में मंगलवार को एक हादसा हो गया। सुबह 7:30 बजे करीब रायकोट से जगराओं आ रही एक प्राइवेट स्कूल की वैन साइंस कॉलेज के नजदीक बेकाबू होकर वृक्ष से जा टकराई। इस हादसे में 6 वर्ष के बच्चे की मौत हो गई, जबकि 5 बच्चे घायल हो गए। सभी घायल छात्रों को जगराओं के प्राइवेट कल्याणी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल करवाया गया है। जानकारी के अनुसार जगराओं के एक प्राइवेट स्कूल की वैन गांव अखाड़ा डला आदि गांवों से स्कूल में पढऩे वाले बच्चों को



लेकर स्कूल के लिए आ रही थी।

साइंस कॉलेज के नजदीक बस बेकाबू होकर पहले कंडक्टर साइड वृक्ष में लगी और वहां से ड्राइवर ने जब तेजी से बस को कट मारा तो बस सामने साइड वृक्ष के साथ ड्राइवर साइड जा टकराई। इसी दौरान जब ड्राइवर ने बस को एक दम तेज कट मारा तो बस में आगे की सीटों पर बैठा हुआ 6 वर्ष का बच्चा गुरमन सिंह पुत्र सतनाम सिंह गांव अखाडा जो की स्कूल में पहली कक्षा का छात्र था। वह बस से नीचे गिर गया और इस बस के नीचे आकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

इस हादसे में आकाशदीप कौर कक्षा प्लस टू, अर्शदीप कौर कक्षा दसवीं , गुरु साहिब सिंह कक्षा पहली सभी निवासी गांव डला और सुखमण सिंह कक्षा 5वी तथा गुरलीन कौर कक्षा चौथी गांव अखाड़ा घायल हो गए । जिन्हें उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया। स्कूल वैन के इस तरह हादसा ग्रस्त हो जाने से खबर मिलने पर पूरे इलाके में हडक़ंप को मच गया और बच्चों के परिजन तेजी से घटनास्थल पर पहुंचने शुरू हो गए।

## नोएडा में मजदूरी के लिए ले जाए जा रहे थे बच्चे, आरपीएफ ने 12 को कराया मुक्त; एक अपराधी गिरफ्तार

**रांची** । आरएनएस

रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर बड़ी कामयाबी मिली है। फोर्स ने ट्रैफिकिंग कर मजदूरी कराने के लिए ले जाए जा रहे 12 बच्चों को मुक्त कराया है। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने इस दौरान एक अपराधी को भी गिरफ्तार किया है। मुक्त कराए गए सभी बच्चे बिहार के गया जिले के सलैया के रहने वाले हैं। इन बच्चों की उम्र 10 से 14 साल के बीच है। बताया जा रहा है कि इन बच्चों को गांव का ही एक व्यक्ति नोएडा ले जा रहा था।

पूछताछ के क्रम में पता चला है कि बच्चों को नोएडा स्थित एक कूलर फैक्ट्री में मजदूरी कराने के लिए ले जाया जा रहा था। मुक्त कराए गए बच्चे स्कूलों में पढ़ते हैं, लेकिन उनके माता-पिता को बहला-फुसलाकर अच्छी नौकरी दिलाने का वादा करके इन बच्चों को नोएडा ले जाया जा रहा था।

गिरफ्तार बाल तस्कर की मानें तो मजदूरी के एवज में सभी बच्चों को हर महीने सात-सात हजार रुपए दिए जाने की बात थी। मंगलवार को आरपीएफ की टीम ने स्टेशन पर गश्त के दौरान इन बच्चों को देखा तो उन्हें शक हुआ। इसके बाद जब बच्चों से पूछताछ की गई तब मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। मुक्त कराए गए बच्चों को उनके माता-पिता को सौंपने के लिए उनसे संपर्क किया जा रहा है।

बता दें कि झारखंड-बिहार से बच्चों और लड़कियों की ट्रैफिकिंग करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। इन्हें दिल्ली में चलने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों को सौंप दिया जाता है और इसके बाद उन्हें दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के शहरों में बेच दिया जाता है।

## फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित हुईं राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली** । आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है। यह राष्ट्रपति के नेतृत्व के साथ-साथ भारत और फिजी के बीच ऐतिहासिक लोगों के आपसी संबंधों की भी पहचान है।



पीएम मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किए जाने पर बधाई। यह प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है। यह राष्ट्रपति के नेतृत्व के साथ-साथ भारत और फिजी के बीच ऐतिहासिक लोगों के आपसी संबंधों की भी पहचान है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किए जाने पर मेरी हार्दिक बधाई। यह सम्मान न केवल विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाता है, बल्कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है, जो मानवता की भलाई के लिए हमारी साझेदारी की पुष्टि करता है।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे मैवलीली कटोनिवेरे द्वारा फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई। भारत और फिजी के बीच आपसी सम्मान, सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर आधारित दीर्घकालिक संबंध हैं। यह सम्मान हमारी मजबूत रणनीतिक साझेदारी और हमारे वैश्विक साझेदारों के साथ मजबूत संबंध बनाने के राष्ट्रपति के प्रयासों को दर्शाता है। बता दें कि इसी साल प्रधानमंत्री मोदी को भी फिजी के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया था।